फल विज्ञान विभाग
उद्यान एवं वानिकी महाविद्यालय
आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज, अयोध्या

Public Private Partnership (PPP) मॉडल के अंतर्गत विश्वविद्यालय द्वारा विकसित फल प्रजातियो को कम समय में अधिक से अधिक क्षेत्रफल में पहुंचाने के लिए उन फलदार पौधों की ऐसी नर्सरी उत्पादकों का चयन करना है जो कि उच्च कोटि तथा निर्धारित मापदण्ड के पौधों को तैयार कर प्रदेश एवं देश के किसानों हेतु उपलब्ध करा सके। उक्त कार्य हेतु नर्सरी उत्पादकों के पास निम्नलिखित मापदण्ड होने चाहिए।

फल वृक्षों की नर्सरी चयन हेतु मापदण्डः–

1. नर्सरी राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड से मान्यता प्राप्त अथवा उत्तर प्रदेश सरकार के उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग में पंजीकृत होनी चाहिए।
2. नर्सरी का वस्तु एवं सेवाकर (जी0 एस0 टी0) पंजीकरण होना अनिवार्य है।
3. नर्सरी के अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता का आधार व पैनकार्ड होना चाहिए।
4. कलमी पौधे बनाने के लिए यथा आवश्यकता मूलवृंत (Root Stocks) होना चाहिए।
5. फलदार वृक्षों की नर्सरी कम से कम एक एकड़ क्षेत्रफल में स्थापित होनी चाहिए।
6. नर्सरी में विश्वविद्यालय के अनुरूप गुणवत्ता युक्त पौधे तैयार करने की क्षमता होनी चाहिए।
7. पूर्व बुकिंग की दशा में नर्सरी को निर्धारित समय अवधि में आवश्यक पौध तैयार कर देना होगा।
8. चयनित नर्सरी को समझौता ज्ञापन (MOU) पर हस्ताक्षर करना होगा, जिसमें फलदार वृक्षों की नर्सरी के विक्रय मूल्य का 40 प्रतिशत विश्वविद्यालय को देने की शर्त भी सम्मिलित है।
9. Public Private Partnership (PPP) मॉडल के अंतर्गत समझौता ज्ञापन (MOU) कराने हेतु नर्सरी को उपरोक्त मापदण्डों को पूरा करना अनिवार्य होगा।

समझौता ज्ञापन (MOU) हेतु नर्सरी की चयन प्रक्रिया

आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के अधिकृत प्राधिकारी/समिति द्वारा विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर आवेदन आमंत्रित किया जा रहा है। इसके वाद प्राप्त आवेदनों की वीक्षा की जायेगी। उपयुक्त पाये गये आवेदकों से विश्वविद्यालय द्वारा समझौता ज्ञापन (MOU) किया जायेगा।

फल वृक्षों के नर्सरी के इच्छुक अधिकृत प्राधिकारी आवेदन पत्र की प्रति विश्वविद्यालय के वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते है।

24/07/2025
प्रभारी
मुख्य प्रयोग केन्द्र
फल विज्ञान विभाग

24/07/25
Professor & Head
Department of Fruit Science

फल विज्ञान विभाग
उद्यान एवं वानिकी महाविद्यालय
आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज, अयोध्या

आवेदन पत्र

1. आवेदक नर्सरी का नाम ....

2. पता ....

....

3. नर्सरी का रजिस्ट्रेशन नम्बर ....

4. नर्सरी के अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता का नाम पैनकार्ड एवं आधार कार्ड संख्या............

....

....

5. नर्सरी का क्षेत्रफल (एकड़ में) ....

6. एक वर्ष में गुणवत्ता युक्त फलदार एवं प्रजातिवार कलमी पौध उत्पादन की क्षमता (संख्या)..

....

नोटः क्रमांक 03, 04 तथा 05 से सम्बंधित प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियाँ संलग्न करें।

इच्छुक आवेदक, आवेदन पत्र को भरकर पंजीकृत डाक द्वारा दिनांक 31 जुलाई 2025 तक निम्न पते पर भेज सकते हैः–

प्रभारी मुख्य प्रयोग केन्द्र, फल विज्ञान विभाग, उद्यान एवं वानिकी महाविद्यालय, आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज, अयोध्या–224229

फोन नंबर. 9450234406 ई. मेल. hodfruitscienceanduat@gmail.com

24/07/2025

प्रक्षेत्र प्रभारी
मुख्य प्रयोग केन्द्र
फल विज्ञान विभाग

24/7/25
Professor & Head
Department of Fruit Science